आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के भारतेन्दु नाट्य अकादमी में आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग और अकादमी से साथ मिलकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है। यह समाज की दिशा भी तय करता है।

रंगमंच इस समाज का दर्पण होता है और वह समाज की दिशा तय करती है। यह सच है कि रंगमंच जहां और रंगमंच वही है जहां पर भावनाएं शब्द बनती है और वह शब्द अभिनय बनते हैं और यही अभिनय जन चेतना बन करके समाज को एक नई दिशा देता है जैसे आनंदमंठ के वन्दे मातरम गीत के माध्यम से आपने देखा होगा।

मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार किये गये महानाटक सम्राट विक्रमादित्य की प्रशंसा करते हुए बताया कि उन्हें इस नाटक को वाराणसी में देखने का अवसर प्राप्त हुआ। श्री योगी ने इसी तरह महाराजा सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, महाराजा महेन्द्र प्रताप सिंह और अट्ठारह सौ सत्तावन के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के नायकों पर नाट्य श्रृंखला शुरू करने की कलाकारों से अपील की।

उन्होंने कहा कि नाटकों का संवाद, संगीत, स्क्रिप्ट, शब्दों का चयन और वाक्य विन्यास इतना प्रभावी हो, जो सभी को आकर्षित और प्रेरित करे। मुख्यमंत्री ने वीरांगना अवन्ति बाई, झलकारी बाई, ऊदादेवी, महाराजा बिजली पासी, बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, चन्द्रशेखर आजाद आदि आजादी के नायकों के किस्से भी सुनायें और कहा कि नाट्य अकादमियों का दायित्व है कि वह इन पर लघु नाटक बनायें।

****

केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय में अपर सचिव के.वी. कुमार ने कहा है कि जन विश्वास संशोधन विधेयक से व्यापार और जीवन सुगम होगा। डॉ. कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि इस विधेयक में 23 मंत्रालयों से जुड़े 784 प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है।

व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से सात सौ 17 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया हैं। जबकि आम लोग के जीवन को आसान बनाने के लिए 67 प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य एक हजार से अधिक अपराधों को तर्कसंगत बनाना है, जिसमें छोट–मोटे अपराधों को हटाया गया है।

****

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत, ईरान सहित 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है और ईरान को तेल के भुगतान में कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन दावों का खंडन किया कि भुगतान से जुड़ी दिक्कतों के कारण एक जहाज को चीन की ओर मोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि संचालन या व्यावसायिक कारणों से जहाज अपना मार्ग बदलते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।

****

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

****

वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा भेंट की गयी वैदिक घड़ी स्थापित कर दी गयी है। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा, सांस्कृतिक समृद्धि और गौरवशाली इतिहास का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी को काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थान दिये जाने के बाद उसे देखने के लिए लोगों की उत्सुकता भी दिखाई पड़ रही है। मंदिर में दर्शन के लिये आने वाले श्रद्धालु घड़ी को देखने भी पहुंच रहे हैं।

****

आज ईस्टर है। यह पर्व प्रार्थना, पश्चाताप और प्रभू ईसा मसीह के जीवन के अंतिम चरण का स्मरण करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक है। इस अवसर पर आज प्रदेश के सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। मसीही समुदाय के लागों ने प्रार्थना के बाद एक–दूसरे को पर्व की बधाई दी।

****

इण्डियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के उन्नीसवें संस्करण में आज हैदराबाद के राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से हो रहा है। हैदराबाद की टीम ने अपने पहले दोनों मैच में एक जीत और एक हार के साथ सीजन की शुरूआत की है वहीं दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

****